प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय में प्राथमिक चिकित्सा पर दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

पंतनगर 09 मई 2022। विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन प्रबंध विभाग में अध्ययनरत चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा इवेंट इन डकोर मैनेजमेंट कोर्स के अंतर्गत 'प्राथमिक चिकित्सा' विषयक दो–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उददेश्य विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा की आवश्यकता एवं महत्वता के बारे में जागरूक करना था।

इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अधिष्ठात्री, गृहविज्ञान महाविद्यालय, डा. अल्का गोयल उपस्थित थी। कार्यशाला में पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय की टीचिंग पर्सनल, डा. ज्योत्सना भट्ट एवं प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षक, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, श्री गगन गुणवंत द्वारा प्राथमिक चिकित्सा, शारीरिक संरचना, शरीर क्रिया विज्ञान, सी.पी.आर, दिल का दौरा, दम घुटना, पट्टी लगाना, आदि का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। साथ ही कार्यशाला में विद्यार्थियों को इवेंट मैनेजमेंट की व्यावहारिक जानकारी भी प्रदान की गयी। कार्यशाला का आयोजन कोर्स प्रशिक्षक, डा. छाया शुक्ला के नेतृत्व में किया गया।

कार्यशाला के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्राथमिक चिकित्सा किट एवं ई–प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यशाला में डा. सीमा क्वात्रा, श्री टी.ए. खस्तगिर, डा. संध्या रानी एवं डा. सुनीता शर्मा उपस्थित थे।

*प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिणार्थियों के साथ अतिथिगण।*